It is strange and surprising that the Centre which has given the benefits of reservation to neo-Buddhists should deny similar concessions to the Scheduled Caste Christians. I wonder how by changing religion a person forfeits his right to reservation. There are many reasons for their conversion to other religions. The Schedhled Caste peple left Hinduism to embrace Christianity because of ill-treatment meted out to them by Caste Hindus. Some have embraced even Islam and Sikhism. Because ours is a caste-ridden society, the stigma of caste continues even after conversion. When I say this, I recall an incident when the British Viceroy, Lord mountbaten was permitted inside Lord Jaggannath shrine but the father of our Constitntion Dr. Ambedkar was refused entry because of the stigma bi caste.

Sir, I can cite a number of caste cases show how deep rooted is caste in our society. These days we find matrimonial advertisements asking for Roman Catholic Iyer boy for a girl of same caste and Catholic Reddiyar groom for a bride of similar caste and so on. This is the situation in India even after converting to other religions. That is why Hon'ble Member Shri Narayanasamy has taken pains to bring this Bill for discnssion Since this Bill has the unanimous support of the House, the Government should bring an amending Bill to extend the benefits of reservation to the Dalit Christians.

---

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

Even various judgements of the Court reveal the necessity of giving reservation even after conversion to other religions. In 1952, Justice Venkatrama Iyer of Madras High Court observed in a judgement that conversion to other religions does not take away the social stigmae attached to the caste. In 1967, the Andhra Pradesh High Court also made similar observations. Again in 1984 while delivering a jugement the Supreme Court observed.

> "The mark of caste does not seem to really disappear even after some generations after conversion. In Andhra Pradesh and in Tamil Nadu, there are several thousands of Christian families whose forefathers became Christians and who, though they profess the Christian religion, nonetheless observe the practice of caste."

It is a fact that irrespective of conversion to Christianity, Islam or Sikhism the Scheduled Caste person continues to live as Scheduled Caste. Even in 1992, in the latest Mandal case, is a nine-judge Bench of Supreme Court in a majority judgement observed,

> "Change of religion does not change caste and the disabilities of the Scheduled Castes converted to Christianity continue after conversion on par with other Scheduled Caste in other religions."

This is what the Supreme Court Bench dealing with the case arising out of the implementation of Mandal Commission Report said in a majority judgement of 8 to 9. Even a court on Pondicheryr has held similar views in a case involving conversion of religion by Scheduled Caste.

Mr. Vice-Chairman, Sir, the Father of the Nation Mahatma Gandhi wrote in the Harijan on 26-12-1936.

> "Whether the *Harijan* is nominally a Christion, Muslim or Hindu and now Sikh, he is still a Harijan. He cannot change his spots inherited from Hinduism so called. I may change his garb and call himself a Catholic Harijan, or a Muslim Harijan or Neo-Muslim or Neo Sikh. His untouchability will haunt him during his life-time."

Mahatma Gandhi mirrored t plight of the Scheduled Caste peo in 1936 itself. Today we are in 19 and the situation is much the sam Therefore, it is our bounden duty see what best we can do for the unfortunate people. We have amen ed Constitution umpteen number times and this is a very importa amendment that should be done the earliest. So, I appeal to t Centre to bring an amendment to t Constitution treating Dalit Crhistia on par with their Hindu brethren. support this Bill wnole heartedly c behalf of D.M.K. with these wor I Conclude.

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) उपाध्यक्ष महोदय, मेरे विद्वान साथी श्री नारायणसामी ने जो यह प्राइवेट बिल इस माननीय सदन में प्रस्तुत किया है, मै इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । यह बहुत स्पष्ट है कि हमारे भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था, जाति-व्यवस्था एक ऐसी व्यवस्था है, जो सर्वव्यापी है । वैसे तो गीता में कहा गया है, भगवान कृष्ण ने स्वयं कहा है—

"चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ।
तस्य कर्तारमपि मां विदयकर्तारमव्ययम् ।।"

अर्थात् मैंने चारों वर्णों की सृष्टि की है गुण और कर्म के आधार पर, जन्म के आधार पर नहीं । किन्तु, जैसे-जैसे समाज आगे बढ़ता गया, हमने वर्ण व्यवस्था को गुण और कर्म पर आधारित न रखकर जन्म पर आधारित कर दिया । अब आज समाज इस वर्ण-व्यवस्था से, जाति-व्यवस्था से इतना अधिक ग्रसित हो गया है कि, बहुत सही कहा जाता है, भारतीय समाज से और सब कुछ तो जा सकता है, कि न जाति ऐसी बात है जो कभी नहीं जाती

जाति कभी नहीं जाती, चाहे धर्म परिवर्तित हो जाए, समाज परिवर्तित हो जाए, जाति कभी परिवर्तित नहीं होती है और यही कारण है कि हम में से, हिन्दू धर्म का पालन करने वाले लोगों में से, जब बहुत से हमारे भाई दूसरे धर्म की ओर आकर्षित हुए, उन्होंने फैसला किया, उनके पूर्वजों ने फैसला किया और दूसरे धर्म का अनुसरण करने लगे तो उसके बाद भी जाति-व्यवस्था ने उनको नहीं छोड़ा । इस प्रश्न पर बड़ी गंभीरता से अलग-अलग स्पर पर विचार हुआ है । हमारा जो सबसे ऊंचा न्यायालय है--सर्वोच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट, उसने भी इस प्रश्न पर गहनता से विचार किया और जो प्रसिद्ध केस है मंडल कमीशन का, उस में फैसला देते हुए 9 में से 8 न्यायाधीशों ने इस पक्ष में अपना मत दिया है कि धर्म बदल जाता है किन्तु जाति व्यक्ति से जुड़ी रहती है । मंडल कमीशन के संबंध में जो फैसला है, उसमें से मैं कुछबिन्दु यहां उद्धृत करना चाहता हूं क्योंकि इस फैसले में बहुत बारीकी से, इस बिन्दु को हर न्यायाधीश ने अलग-अलग विचार किया है, उसमें उन्होंने यह तय किया कर दिवा है, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दे दिया है कि यदि व्यक्ति ने अपना धर्म परिवर्तित भी कर लिया है तो भी उसके साथ वे सारी कुरीतियां, उसके साथ वे सारा दुर्व्यवहार, उसके साथ वह सारा व्यवहार जो उसकी पुरानी जाति से जुड़े हुए थे वह बने रहते हैं। मैं आपकी अनुमति से मंडल कमीशन के फैसले में दोबतीन प्रमुख जजों ने, (वैसे तो 8 न्यायाधीशों ने इस पर अपना मत व्यक्त किया है) जो कहा है कि व्यक्ति का धर्म परिवर्तित होने के बाद भी उसके साथ वे सारी चीजें लगी रहती हैं जो उसकी पहली जाति से लगी थी उद्धृत कर रहा हूं । इस फैसले के पृष्ठ 271 में यह कहा गया है :—

"To deny them, that is, the Scheduled Castes, the Constitutional protection of reservation solely by reason of change of faith of religion is to endanger the very con' cept of secularism."

इसी तरह से पृष्ठ 450 में इसी फैसले में कहा गया है :—

"So sadly and oppressively deep-rooted is the caste in our country, that it has cut across even the barriers of religion."

इसी फैसले में फिर आगे पृष्ठ 478 में कहा गया है :—

"Almost all followers of the non-Hindu religion except those Zoroastrianism or converts from Hindu religio nand in the new religion they carried with them their caste as well. It is unnatural to expect that the social prejudices and biases and the notions and the feelings of superiority and inferiority nurtured for centuries altogether would disappear by a mere change of religion."

इसी तरह से इन न्यायाधीशों ने इस प्रसिद्ध फैसले में यह निर्णय दिया है कि व्यक्ति का धर्म अगर मसीही धर्म हो जाता है, ईसाई धर्म हो जाता है उसके बाद भी, यदि उसने अनुसूचित जाति से अपना धर्म परिवर्तित किया है, तो उसके साथ वे सारी बातें बनी रहती हैं जो उस धार्मिक व्यवस्था में, उस धर्म-व्यवस्था में, जब वह अनुसूचित जाति का सदस्य था, उसके साथ लगी हुई थी। उपसभाध्यक्ष महोदय, न केवल इस फैसले ने कहा है, इस तरह के अनेकानेक अन्य फैसले भी हुए हैं। मुझे अभी हाल ही में बताया गया कि पिछले सप्ताह ही मद्रास हाई कोर्ट ने इस प्रकार का फैसला दिया है और यह कहा है कि यदि व्यक्ति मसीही धर्म, ईसाई धर्म अपना लेता है तो भी जिस कास्ट से, अनुसूचित जाति से वह अपना धर्म परिवर्तन करता है वही परिस्थितियां फिर भी उस पर बनी रहती है। ऐसा ही फैसला सुप्रीम कोर्ट ने एआई आर- 1954, पेज 236 में उस प्रकरण में दिया था, जहां जस्टिस बोस ने यह व्यवस्था दी थी कि धर्म का परिवर्तन होने से जाति परिवर्तन नहीं होती। मद्रास हाई कोर्ट

ने ए० आई० आर० 1952 पृष्ठ-474 में, आन्ध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने भी इसी प्रकार 1967 में 31 ई. फल. ई. पृष्ठ-211 में, सुप्रीम कोर्ट ने ए० आई० आर० 1975 पृष्ठ-421 में, सुप्रीम कोर्ट ने ए. आई. आर. 1976 पृष्ठ-1904 में, सुप्रीम कोर्ट ने ही ए. आई. आर. 1984 पृष्ठ-411 में इन्हीं व्यवस्थाओं को दोहराया है और बार-बार इस राष्ट्र के सबसे बड़े न्यायालय ने यह कहा है कि धर्म परिवर्तन हो जाने से जाति परिवर्तित नहीं होती, जाति एक ऐसी व्यवस्था है जो कभी भी नहीं जाती और व्यक्ति के साथ सदैव लगी रहती है।

मैं इन व्यवस्थाओं के बाद, उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सदन का ध्यान उन बहुत सी रिपोर्टों की तरफ ले ले जाना चाहता हूं जिन रिपोर्टों में इस विषय पर गहनता से अध्ययन हुआ, विचार हुआ और निष्कर्ष निकाले गए। मंडल कमीशन की रिपोर्ट की हम सब चर्चा करते हैं। उस रिपोर्ट से मैं कुछ वाक्य पढ़ना चाहूंगा। उस रिपोर्ट में पैरा-10.36 में लिखा है कि :

"Whereas the local priests happily welcomed Mountbatten to enter the temple, they refused permission to Dr. B. R. Ambedkar."

यह संदर्भ तब का है जब जगन्नाथपुरी मन्दिर में डा. अम्बेडकर लार्ड माउंटबेटन के साथ गए थे। मंडल कमीसन ने इस दृष्टान्त को उद्धृत करके यह बताया है कि हमारे देश में व्यक्ति आर्थिक रूप से चाहे कितना ऊंचा बढ़ जाए, राजनैतिक रूप से चाहे कितना ऊंचा बढ़ जाए, फिर भी समाज के अंदर की जो व्यवस्था है, जो वर्ण व्यवस्था है वह इस तरह से उसके प्रति डिस्क्रिमिनेशन, उसके प्रति भेदभाव करती ही रहती है। बाबा साहेब अम्बेडकर जैसे महान व्यक्ति के साथ यह भेदभाव हुआ, इसे मंडल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है। मंडल कमीशन ने ही अपनी रिपोर्ट के पैरा-12.11 में लिखा कि :—

"There is no doubt that soc and educational backwardn among non-Hindu communities more or less of the same order among the Hindu community."

आगे उसी पैराग्राफ में लिखा हुआ है कि :—

"First, caste system is a gr conditioner of consciousness a cultural mode. Consequently, ev after conversion, the ex-Hindus c ried with them their deeply grained ideas of social hierarchy a stratification."

मंडल कमीशन की रिपोर्ट पैरा-12.74 में लिखा हुआ है कि :—

"Similar is the situation am Indian Christians. Christians Kerala are divided into various nominations on the basis of beli and rituals and into various eth groups on the basis of their ca background."

इसी तरह से हमारे राष्ट्रपि महात्मा गांधी ने "हरिजन" पत्र में, समाचार पत्र वे अपने तरफ से निकाल थे, उसमें दिनांक 26-12-1936 लिखा था :—

"Whether the Harijan is nom ally a Christian, Muslim or Hi and now a Sikh, he is still a Ha jan. He cannot change his spots herited from Hinduism—so-call He may change his garb and himself a Catholic Harijan or Catholic Muslim Harijan or M Muslim or neo-Sikh, his untou ability will haunt him during lifetime."

हमारे राष्ट्र के बहुत बड़े अनुसूचि जाति के नेता बाबू जगजीवन रामजी जब उन्होंने आन्ध्र प्रदेश में दिनां 10-2-1979 को एक प्रेस

भाषण दिया था तो उसमें उन्होंने कहा कहा था कि :—

"Strangely enough, I find untouchability among Christians also and also in a section of Sikhs."

काका कालेरकर साहब ने जो पहला कमीशन बैकवार्ड कम्युनिटीज् के बारे में बना, उसकी रिपोर्ट के पृष्ठ 50-51 में कहा गया है कि :—

"The Harijan Christians in some regions were kept outside the Church for a long time. Then they were allowed to sit in a separate wing. Even today, the Christians belonging to untouchability castes are forced to have separate cemeteries in parts of India. Even the dead must observe caste and untouchability."इसी तरह से आन्ध्र प्रदेश के बैकवर्ड क्लास कमीशन की रिपोर्ट में पृष्ठ 203 पर, कुम्बापिलै कमीशन की रिपोर्ट में जो केरल सरकार ने इसी विषय पर कमीशन बनाया था, उसके पैरा 25 में, इलिया पेरूमल कमीशन की रिपोर्ट में पैरा 32 में, संथानम कमीशन की रिपोर्ट के दूसरे वौल्यूम में पृष्ठ 21 पर चिदंबरम कमीशन की रिपोर्ट के पैरा 1(1) और 3(2) में इन सब बातों का विस्तार से विश्लेषण करके उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि अगर धर्म बदलता है तो जाति नहीं बदलती । उसके साथ जो दुर्व्यवहार, भेदभाव जाति व्यवस्था में लगा रहता है, वह आगे भी चलता रहता है । गोविन्द मेनन रिपोर्ट जो कि कमीशन ने वर्ष 1955 में प्रस्तुत की थी, उसमें भी इसी बात को उद्धृत किया गया है ।

क. इन रिपोर्टों के आधार पर और सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न न्यायालयों के फैसलों

आधार पर मैं सबसे और आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो बात हमारे विद्वान साथी श्री नारायण स्वामी जी ने कही है, वह बहुत ही सही बात है। यह संशोधन हमें अवश्य लाना चाहिए। महोदय, इन रिपोर्टों और इन फैसलों के बाद कुछ बातें जो दूसरी तरफ से कही जा रही हैं कि क्या ये लाभ ऐसे ईसाइयों को जो हरिजन थे और अनुसूचित जाति के थे और अब ईसाई धर्म में आ गए हैं, उन्हें नहीं दिऐ जाने चाहिए, इस बारे में जो शक और संदेह प्रस्तुत किए जा रहे हैं, इस बारे में मैं कुछ बातें कहना चाहूंगा ।

पहली बात यह कही जाती है कि बौद्ध धर्म और सिक्ख धर्म को यह सुविधा इसलिए दी गई क्योंकि बौद्ध धर्म और सिक्ख धर्म भारतीय मूल धर्म हैं किन्तु ईसाई धर्म, मसीही धर्म, भारतीय मूल का धर्म नहीं है । मैं विनम्रता के साथ यह निवेदन करना चाहती हूं कि ईसाई धर्म भी भारत में सबसे पहले आने वाले धर्मों में से था । जब ईसाई धर्म बना, उसके तत्काल बाद, ईसाई धर्म के प्रवर्तक जीसस क्राईस्ट का एक शिष्य सेंट थामस उनके क्रूसिफिक्शन और रिजरेक्शन के बाद, उनको क्रास पर चढ़ाए जाने के कुछ ही समय बाद केरल में आये और तब से यह धर्म भारत में रहा है और भारत भूमि में पनपा है । इसलिए यह कहना कि यह धर्म भारत में पनपा हुआ धर्म नहीं है, यह गलत है । यूरोप में और पश्चिमी देशों में यह धर्म बाद में गया वस्तुतः भारत में यह धर्म सबसे पहले आया था ।

इसी तरह से यह भी कहा जाता है कि ईसाई धर्म में कोई जातियां नहीं हैं, इसलिए ईसाई धर्म के मानने वालों को जाति के आधार पर यह सुविधा नहीं दी जानी चाहिए । मैं जैसा पहले निवेदन कर चुका हूं, हमारे राष्ट्र में, हमारी सामाजिक व्यवस्था में, मनु की व्यवस्था में धर्म चाहे परिवर्तन कर लिया जाए किंतु जाति परिवर्तित नहीं होती है । मैंने बहुत से ऐसे ईसाई परिवार देखे हैं जिनमें अगर एक व्यक्ति ने धर्म-परिवर्तन कर लिया है और दूसरे व्यक्ति ने नहीं किया है, तो भी दोनों में कोई अंतर नहीं है । दोनों एक ही मकान में रह रहे हैं । दोनों के साथ पूरे समाज द्वारा, पूरी सामाजिक व्यवस्था में वैसा ही भेद-

भाव हो रहा है जैसा पहले होता आया था । ऐसा मैंने दक्षिण भारत के बहुत से गांवों में देखा है, मद्रास में । इसलिए यह कहना कि धर्म परिवर्तन होने के बाद भेदभाव खत्म हो जाता है, जाति-व्यवस्था खत्म हो जाती है, यह बिल्कुल गलत बात है । इसीलिए मैं विनम्रता-पूर्वक निवेदन करना चाहूंगा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने जब संविधान बनाया तो संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25 के अंतर्गत... तथा अनुच्छेद 330 से 340 के अंतर्गत उनकी मंशा यह थी, उनका उद्देश्य यह था कि किसी भी प्रकार का अन्यायपूर्ण भेदभाव समाज में नहीं होना चाहिए । वर्षों से, सैकड़ों सालों से जो भेदभाव कुछ लोगों के साथ केवल इसलिए किया जा रहा है कि वे अनुसूचित जातियों के हैं, वह गलत वर्ण-व्यवस्था के कारण ही किया जा रहा है इसीलिए हमारे समाज में शोषण है गिरावट हो रही है ।

श्रीमन, जिस तरह से कृष्ण ने गीता में कहा है —

"चातुर्वर्ण्यं मयासृष्टः, गुण कर्म विभागशः" अर्थात् मात्र गुण और कर्म के आधार पर कोई ब्राह्मण कोई क्षत्री, कोई वैश्य और कोई शूद्र हो, जन्म के आधार पर नहीं । उस व्यवस्था को छोड़कर, गीता के उस उपदेश को त्यागकर जो इस समाज ने जन्म के आधार पर, वर्ण व्यवस्था लागू की है, उससे हमारे समाज में एक बहुत बड़ा तबका जो ईसाई धर्म को अपना चुका है, वह अब भी वैसे ही भेदभाव का शिकार है ।

मेरे भाई और हमारी साथी श्री वी. नारायणस्वामी ने इसीलिए यह सब सोचकर यह संशोधन प्रस्तुत किया है । मैं इसका पुरजोर समर्थन करता हूं और निवेदन करता हूं कि शासन भी केवल एक प्राइवेट मैंबर बिल की तरह उसको न माने । यह मांग बहुत दिनों से चली आ रही है । सदन में और दोनों सदनों के लगभग 250 संसद सदस्यों ने अपने हस्ताक्षरों से इस मांग का समर्थन किया है । बहुत दिनों से इस मांग को लेकर यह वर्ग शांतिपूर्ण आन्दोलन कर रहा है । हमें उस वर्ग की इस मांग को मानना चाहिए । उनके साथ जो घोर भेदभाव हमारे समाज में हो रहा है उसको तभी मिटाया जा सकता है, उनके साथ तभी न्याय किया जा सकता है जब उनका जो यह बुनियादी अधिकार है, उनको जो हक बनता है उनको दें । इन तथ्यों के साथ, इन बातों के साथ और इन तर्कों के साथ मैं, उपसभाध्यक्ष महोदय, आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अवसर दिया कि मैं इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रख सकूं ।

*SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am very much thankful to my esteemed friend Mr. V. Narayansamy for bringing The Constitution (Scheduled Caste) Order (Amendment) Bill, 1991 for discussion in this august house. This Bill has vital socio-economic dimension. At the outset I would join my other friends in urging upon the government to accept this private member's Bill in its totality or with some minor modifications.

Mr. Vice Chairman Sir, this Constitution amendment Bill proposes to amend the relevant portion of our Constitution to provide job reservation to S.C. and S.T. people who have converted to Christianity. This is very simple Bill, which contemplates to provide some facilities to a section of the poor S.C. and S.T. people who are deprived of these benefits just because they have mostly due to economic reasons. Unchanged their means of worship fortunatey, the government does not take into consideration the reasons of the conversion of the Hindu S.C. and S.T. people to Christianity. The single reason, for the conversion, to my mind is powerty and destitution.

Mr. Vice-Chairman, Sir. we have reserved 15 per cent and 7 per cent of the government jobs for S.C. and

*English translation of the original speech delivered in Oriya.

S.T. people respectively. But we have failed to take any concrete and meaningful steps to provide the best type of education to them. There is still large-scale illiteracy among them. There is room to do a lot in uplifting the economic, and educational conditions of the S.C. and S.T. people. So, I wonder how the same S.C. and S.T. people who have just changed their way of worship could be deprieved of the benefits enjoyed by S.C. and S.T. people. They are our brothers and sisters. The economic, education, health condi' tions have neither changed nor improved just with the change of their religion. In Hinduism different people worship different gods like Krishna, Shiva, Durga yet they continue to get the opportunities provided by the government. I don't find any logic in depriving the S.C. and S.T. people of the benefits of job'reservation who have converted to Christianity. We should analyse the reality of the Indian social life of people, Particularly the lives of the S.C. and S.T. people and take measures to eleminate the various socio-economic evils prevalent in the society.

Mr. Vice-Chairman, Sir, at present the government has reserved 15 per cent of jobs for S.T. 7 per cent for S.T. 27 per cent for O.B.C., 3 per cent for handicap and another 3 per cent for ex-servicemen and freedom fighters. It comes to a reservation of 55 per cent of total jobs. But according to the verdict of the Supreme Court more than 50 per cent of the total jobs could not be reserved. So, now there is the necessity to amend the Constitution. In my opinion the forthcoming amendment of the constitution should also take care of the interest of the Christians who conve..)d from S.C. ad S.T. communities. Now we observe the reverse trend of Christians again converting back to Hindus. Mr. Vice-Chairman, Sir, it will not be out of place to mention the problem of reservation in Tamil Nadu. The Supreme Court Verdict prohibits the Tamil Nadu government from providing more than 50 per cent of job-reservation to the people of the State, which they have been enjoying for the last so many years. In any case we have to amend the Constitution to restore the facility to the people of Tamil Nadu. In my opinion a single amendment could take care or not noly S.C. and S.T. people converted to Christianity but also the Christians who again converted back to Hinduism.

I thank you Mr. Vice-Chairman for giving me the opportunity to speech on the Bill.

SHRI S. MADHAVAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, I support my friend for moving this resolution, though his party and the Government have failed to implement this object which has been under agitation for many years. Why is the Government of India refusing to give statutory benefit to the Scheduled Caste—convert people? There is no answer. The Congress peopIt have always stood for the Scheduled Caste people, Harijan people. The Congress Ministry has always pleaded for the Scheduled Caste people. But why are the Minister not coming forward to pass this legislation? This is a question which has to be answered. Tht Cabinet Minister supports the Scheduled Caste people. The State Minister belongs to the backward class. He understands the difficulties of the Scheduled Caste people. But the Government is reluctant to implement their decision. Are they afraid of somebody? Who are they? Why are they afraid of those people. There is only one argument against this reservation to the Scheduled Caste-convert people, i.e. the number of beneficiaries will increase. That is the only objection which was raised. It is true that during the 4-00P. British regime, the Christian missionaries started a number of educational instintions

for the Scheduled Caste converts. But now they are not getting any such benefit and still they are treated as socially and educationally backward sections of the society. As soon as the Dravidian party came to power in Tamil Nadu, this question was taken up with the Government of India. I do agree that regarding concessions to the Scheduled Castes and the Backward Classes, the Congress party and the other political parties in Tamil Nadu stood together on this issue. But as soon as we came to power, we wrote a letter to the Government of India. The Minister can go through the files. We argued that the Scheduled Caste converts must be treatld on pae with ofer Scheduled Caste people. If we go to the villages of Tamil Nadu—the hon. Minister comes from a village, a backward area—you can see where the Harijans who converted to Christianity live. They are still discriminated against. If there is a social objective, why is the Congress party refusing to accept it? I myself pleaded with the Central Government as the then Minister and requested them to support the Government of Tamil Nadu and bring about a legislation to this effect. But the Congress party did not accept our demand. Our Government then passed an order to the effect that the Scheduled Caste converts would be treated as belonging to the Backward Classes. This was within our powers and we did it. But the Government of India did not oblige us. This is the difficulty with the Congress party. They speak about something but they are afraid of implementing it. Mr. Narayanasamy belongs to the Congress party. He moves an unofficial resolution, but he cannot move his Government to implement it.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sorry for interfering. But I would like to inform the Member that I am persuading the Mnister, I am asking my Government to implement it in the larger Iterest of the poor sectios of the society.

SHRI S. MADHAVAN: But your persuasion does not have any effect. Even I had persuaded them when I was the Law Minister. I preaded with the Government of India. But it did not hape any effect and tnat is my grievance ... (*Interruption*) ... My hon. friend will agree with me that it was the MGR Government which raised the percentage of reservations. This point must also be considered by the Minister. Now, the court is fighting with us. The Government of India wants some excuse and hence it is silent. The Government of India has not taken any step to put forward the views they believe in before the Supreme Court jndges. The judges have passed an order saying that no more 50 per cent resedvation will be allowed. Do we have a provision in the Constitution? Does the Constitution say that only 50 per cent reservatfon should be allowed? These are the views of a certain judge. They have expressed these views because of the failure of the Congress party. The Cabinet Minister assures us that he will take up this point. But the Government has no moved their advocate. We had been allowing 69 per cent reservation for the past so many year. But because of the Supreme Court judgement we had to stop it. In fact, a contempt peiffion is pending against my Gov' ernment. This is because of the failure of the Congress Government. Why dont they take it up? The Minister must rise and say whether he is for 50 per cent or for 60 per cent If he says 'only 50 er cent', he will be thrown out of his own constituency because his panty itself supports us. The Congress Party supports our demad in the Tamil Nadu Assembly. This is an opportunity for the Government to join hands witn us. All the political parties support us on this point. The second point is about the Scheduled Caste Hindus who have converted to other religions. They must be given the beenfits accruing to the original Scheduled Castes. The

Minister can give an assurance this thing without consulting the legal experts. There are two things; one to, Consitutional reservation and another is social benefits. You can pass an order, an executive order, conferring social benefits on them. You are giving a lot of benefits to the Harijans. You give loans to the Harijans. People. You give houses to the Harijans. No law prevents you from conferring these benefits on the converted Scheduled Castes also. Only for providing reservation, you have to bring about Constitutional changes. That is why Mr. Narayanasamy has brought forward a Bill for amending the Constitution to this effect. Another point is regarding 69 per cent reservation in Tamil Nadu. The Government of India has not opened its mouth regarding this. What is their policy on this? The Government of Tamil Nadu has written a number of letters to the Government of India because the State Government can' not give reservation rights. Now, my Government has decided to bring about a State legislation for continuing with the present reservation policy, that is, 69 per cent reservation—18 per cent for the Scheduled Castes and the balance for the Backward Classes—which the Supreme Court says, 'No'. But my Government has stood up with the support of all the political parties. The Tamil Nadu Government is going to pass a legislation reserving 69 per cent for the Scheduled Castes and Backward Classes. There are fundamentalists whom you must fight. We are prepared to cooperate. All the parties will support you. But the Congress is not opening its mouth because somebody is pulling it from behind. Who are they? They are the fundamentalists. They go to Court to question our legislation. You will need some time to tackle it. But during this period, the Government of India must wake up and take a policy decision saying, "Yes, we are going to bring a Constitutional amendment giving reservation to the people according to their population." Supposing the Government of India says that the Scheduled Castes and the Backward Classes do not constitute more than 69 per cent in Tamil Nadu, we will accept it. But, the State Governments must be given power to make reservations according to the proportion of population. If the Government of India, as a whole, is not able to stand up against the fundamentalists, I will give one suggestion, an escape route for the Central Government, that is, the Congress people. You amend the Consttiution giving power to the States Governments to make reservations for the Scheduled Castes, Scheduled Caste converts and Backward Classes according to their population in their respective States. Nobody can object to it. What is the reply of the Minister to this specific question? He is sitting here. He is willing to say, 'Yes but he is not able to say that...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI K. V. THANGKA BALU): I Will say it at the appropriate time.

SHRI S. MADHAVAN: When is it? Is it before elections? (*Interruptions*)

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: He is waiting for an auspicious time... (*Interruptions*)...

SHRI V. NARAYANASAMY: When he replies, he will give an assurance ... (*Interruptions*)

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: He is unable to express what he feels.

SHRI K. V. THANGKA BALU: I know how to express it. Don't worry.

SHRI S. MADHAVAN: That is why I am pressing for it. Next week, the Tamil Nadu Government is bringing a legislation. At least, before that, you must express your views on it. If the Government of India opposes it, then the question will be thrown open to the Supreme Court. That is why

I am pleading with the Minister, who is all for us, that the Congress Party, which is always for the Scheduled Castes, should think about these aspects: (1) Giving social benefits not relating to reservation, immediately; you can do it by an executive order. Number 2: The motion moved by Shri V. Narayanasamy must be accepted. Number 3: In regard to 69 per cent reservation, the Government of India should indicate its view and bring forward an appropriate legislation to supersede the Supreme Court judgement.

Thank you, Sir.

श्रीमती उर्मिला चिमन भाई पटेल (गुजरात) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्तुत विषय के बारे में अपनी बात शुरू करूं, इसके पहले अभी जो माननीय सदस्य ने बताया कि कांग्रेस सरकार अस्पृश्यों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक सुविधायें देने में हिचकिचा रही है, इस का मैं कड़ा विरोध करती हूं। यह उनकी गलत मान्यता है। कांग्रेस पार्टी ने जो कुछ दिया है, यह किसी पार्टी ने देश में अस्पृश्यों को नहीं दिया है। शुरू से ही अगर शुरूआत करें तो अस्पृश्यता निवारण का प्रोग्राम जो गांधी बापू ने दिया था, वह कांग्रेस का ही प्रोग्राम था। आजादी के बाद संविधान में अस्पृश्यता निवारण का जो सुझाव दिया गया, वह कांग्रेस का ही काम था। बाद में जो अस्पृश्यता निवारण का कानून बना, यह भी कांग्रेस का काम था। जो रिजर्वेशन दिये गये, यह भी कांग्रेस की काम गिरी थी और जो कोई भी योजना उनके लिये विकास के लिये रखी गई है, यह यह कामगिरी भी कांग्रेस की है। माननीय सदस्य कुछ कनफ्यूजन में आ गये हैं क्योंकि जो अस्पृश्यों के लिये रिजर्वेशन है, अनुसूचित जातियों के लिए रिजर्वेशन है, अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्वेशन है और जो मंडल आयोग की रिपोर्ट पर आधारित रिजर्वेशन है, उन्होंने इन सबको इकट्ठा कर के खिचड़ी बना दिया है। यह अलग अलग रिजर्वेशंस हैं। अस्पृश्यों के लिये अलग है, अनुसूचित जातियों के लिये अलग है, अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग है, ट्राइबल्ज के लिये जो रिजर्वेशन है, वह भी अलग है और मंडल आयोग ने जो अन्य पिछड़ी जातियों के लिये रिजर्वेशन की है, वह भी रिजर्वेशन अलग है। सब मिला कर के तमिलनाडु सरकार 69 प्रतिशत का रिजर्वेशन इन लोगों को दे रही है। रिजर्वेशन सिर्फ अनुसूचित जातियों का नहीं है। यह इससे भी कनफ्यूजन हो जाता है : लेकिन यह बात आप यहां छोड़ दीजिये। अब मैं अपने मुद्दे पर आ रही हूं। नारायणसामी जी ने जो विधेयक यहां पर रखा है, इसके लिये मैं उनको धन्यवाद देती हूं। इसके बारे में मुझे एक और सुझाव यह बताना है कि जो हरिजन लोगों ने अपना धर्म परिवर्तन कर के इस्लाम धर्म अंगीकार किया, सिख धर्म अंगीकार किया या क्रिश्चियन धर्म अंगीकार किया, उन लोगों ने हिन्दू ट्रेडीशंस के अन्याय के विरोध में ऐसा किया। उन्होंने ऐसा यह समझ कर किया कि यह धर्म इक्विलिटी वाले धर्म हैं, वहां जायेंगे तो हम को इक्वल स्टेटस मिल जायेगा। लेकिन कमनसीबी यह हुई कि अन्य धर्म में जाने के बावजूद भी वह सिख नहीं बन गये। क्रिश्चियन नहीं बने या और किसी धर्म के नहीं बने और सिख अस्पृश्य, क्रिश्चियन अस्पृश्य बन गये। जैसे त्रिशंकु की दशा होती है, वैसी दशा उन लोगों की हो गई। न वह क्रिश्चियन बने, न हिन्दू बने। ऐसी दशा उनकी हो गई। मैं इसको बहुत बड़ी मसमस्या मान रही हूं। आज जितने भी सुझाव हमारे यहां लाये हैं या जितने भी स्टेप्स लिये गये हैं, उनका लाभ भी लिया जाता है। इसके बा जूद भी हमारे समाज में अस्पृश्यता का जो एटीट्यूड है, जो मेंटेलिटी है अपर क्लास की, एटीट्यूड में कोई परिवर्तन नहीं आया है, ऐसा मैं मानती हूं। मैंने इस विषय पर 6 साल तक रिसर्च कर के पी०एच०डी० का अभ्यास किया है, मैं दावे के साथ यह कह सकती हूं कि उन्हें एजुकेशन लेने के बाद अगर अच्छी जाब मिली तो उनका स्टेंडर्ड आफ लिविंग तो अच्छा हो गया। वे मिडल क्लास में आ गये लेकिन जो मिडल क्लास का कामन स्ट्रीम या इसमें जो उनको जुड़

जाना चाहिये था, समाज ने उनको एक्सेप्ट कर लेना चाहिये था, हिन्दू समाज ने उन को एक्सेप्ट नहीं किया है। कितना भी पढ़ा-लिखा हो, आई.ए.एस. आफिसर हो, कहीं कलेक्टर हो, डिस्ट्रिक्ट आफिस में ऐसे बड़े पोस्ट पर होते हुए उनको आफिस में मान दिया जाता है, लेकिन जब घर में जाते हैं, अपने गांव में जाते हैं, तो उनको वैसा मान अपर कास्ट वाले लोग चाहे ब्राह्मण हों, पटेल हो, क्षत्रिय हों या कोई और जाति हो उनको देते नहीं हैं। उनको अपने हरिजनवास में ही अपनी जानी पड़ता है, और जो व्यवहार और हरिजनों के साथ होता है, वैसा ही व्यवहार उसके साथ किया जाता है। हमारे समाज में हम सब यही देख रहे हैं। तो जो भेदभाव हमारे समाज में ये वह बिलकुल आज भी मौजूद हैं। अगर वह डाक्टर हो गया, तो वह प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं कर सकेगा। प्राइवेट प्रेक्टिस करनी है, तो हरिजनवास में जाकर करनी होगी। अगर वह एडवोकेट हो गया, तो उनको अपर कास्ट के क्लायंट्स नहीं मिलने वाले हैं। कितना भी अच्छा पढ़ा-लिखा हो, बिजिनेस मैनेजमेंट का अभ्यास करेगा, बाहर निकलेगा तो कोई प्राइवेट फर्म उसको नौकरी देने वाली नहीं है। पब्लिक फर्म में हम ले सकते हैं। गवर्नमेंट में सर्विस मिल सकती है, सेमी गवर्नमेंट में ले सकते हैं लेकिन जो खानगी पीढ़ियां हैं, उसमें किसी को नौकरी नहीं दी जाती है। अगर कहीं गलती से दी गई है और जब मालूम होता है तो कुछ न कुछ अलग-अलग बहाने बना करके उनको निकाल दिया जाता है। यही हमारे समाज का ढांचा है। अगर कहीं उनको काम मिल भी गया, तो जो अपर कास्ट के उसी क्वालिफिकेशन के युवक को जो पगार मिलती है, उतनी पगार उनको नहीं दी जाएगी आर्थिक रूप में भी डिसक्रिमिनेशन आज भी चालू है। ये सब तो प्राबलम्स हमारी है ही इसके बावजूद जो एट्रोसिटीज उनके साथ होती है, उनकी बात ही नहीं कर सकते। आप अगर इसकी हिस्ट्री देखें आजादी प्राप्त करने के बाद से तो पूरे देश में अलग-अलग स्टेट्स में हम देखेंगे कि तरह तरह की एट्रोसिटीज आज भी मौजूद है। उनमें कोई कमी नहीं हुई है। मैं तो ऐसा समझती हूं कि जैसे-जैसे जागृति आ रही है, वैसे-वैसे कन्फ्लिक्ट्स बढ़ रहे हैं और वैसे ही एट्रोसिटीज भी बढ़ रही है और एट्रोसिटीज भी ज्यादा गम्भीर हो रही है जिसका सामना करना भी उनकी ताकत के बाहर की वस्तु हो गयी है। आज अगर गांव में 25 हरिजनों के घर हैं, तो वे लोग गांव के बाहर रहते हैं। उनका पूरा ताल्लुक अपर कास्ट्स के साथ है। उनके घर पर काम करते हैं उनके खेतों में जाकर काम करते हैं। उनके साथ अगर अनबन हो गयी, उनकी सुपीरियारिटी एक्सेप्ट नहीं करेंगे, तो उन लोगों को काम से निकाल दिया जाएगा। कई जगह हमने ऐसा देखा है कि उनका सोशल बायकाट किया जाता है। अगर एक व्यक्ति ने उनका कहना नहीं माना तो पूरे हरिजनवास का बायकाट किया जाता है। उनको कुएं से पानी नहीं दिया जाता है, उनको अनाज नहीं दिया जाता है, उनको काम नहीं दिया जाता है, उनको उधार कोई उधार देने वाला नहीं है। जब तक पूरी कम्युनिटी माफी नहीं मांगेगी तब तक ऐसा करते हैं। आज भी हरिजनों को दबाया जा रहा है। कोई परिवर्तन आया नहीं है। जो लोग शहर में रहते हैं, उनकी भी परिस्थिति वही है चाहे कितने भी पढ़े-लिखे हों। हमारे गुजरात का कहूं एक डिप्टी मिनिस्टर एक जमाने में थे, जब मिनिस्ट्री में से बाहर आये तो कोई मकान अपर कास्ट सोसायटी में उनको किराये पर नहीं दिया गया। आ जाओ अपने आवास में जाकर रहो। अब उनको रिप्रेजेंट कर रहे थे, लेकिन ऐसा तो उनका मजाक हो रहा था। आज के जमाने में भी हमारे समाज की यही स्थिति है। इसमें परिवर्तन लाना खूब जरूरी है। इसलिए यह सुझाव जो आया है, उसको मैं एप्रीसिएट कर रही हूं। पर एक बात हम याद रखें कि उनको अच्छे ढंग से संस्कृताइज करें, अच्छी एजूकेशन दें, अच्छी नौकरियां दें, अच्छे काम पर लगायें, यह सब जरूरी है। नहीं जरूरी है, ऐसा तो नहीं है उनको सुधारना है, तो ये मार्ग है ही। उनको अच्छी एजूकेशन

दें, उनको नये काम पर लगायें, उनके राजकीय अधिकार एसर्ट करने का अधिकार हो, उनका आर्गेनाइजेशन मजबूत हो, ये तीन बातें उनके लिए बहुत जरूरी हैं। लेकिन संस्कृताइजेशन फेल गया है, क्योंकि पढ़े-लिखे लोगों को भी समाज ने एक्सैप्ट नहीं किया है। बाद में रिलिजियन बदलने का अम्बेदकर जी ने जिन्दगी के अन्तिम दिनों में प्रयोग किया वह भी फेल गया। क्योंकि जो बौद्ध हुये उनको एक्सेप्ट नहीं किया, क्रिश्चियन हुये उनको भी एक्सेप्ट नहीं किया और जो सिख या मुस्लिम हुये उनको भी समाज ने एक्सेप्ट नहीं किया। एक ही सुझाव है जो कि चल सकता है और वह उनके लिये राजकीय अधिकारों का है। जितने राजकीय अधिकार उनके पास ज्यादा होंगे संगठित होकर वे एक्सेप्ट करेंगे उतना ही उनका समाज में एक्सेप्टेशन होगा। यह एक ही बात है जो कि बहुत जरूरी है। मैं ऐसा मानती हूं कि समाज के ऊपर प्रैशर डाला जाय, पोलिटिकल प्रैशर डाले बिना यह समाज सुधरने वाला नहीं है और इसके बारे में हमें ज्यादा सोचना चाहिये। यह बहुत जरूरी है।

मुझे एक और भी बात बतानी है कि मंदिर प्रवेश के बारे में अगर यहां दिल्ली में या अहमदाबाद में या बम्बई में कोई पढ़ी-लिखी, सूटेड-बूटेड या मेरे जैसी कोई अच्छे कपड़े पहनकर फैशनेबल महिला जायेगी तो उसका आइडेंटिफिकेशन नहीं होता है कि यह हरिजन है और उसको मंदिर में जाने से रोकते नहीं है लेकिन वही महिला जब अपने गांव में मंदिर में जायेगी तो वहां उसको प्रवेश नहीं मिलेगा क्योंकि वहां उसकी आइडेंटिटी है। आपको हमारे मंदिर में उनको नहीं आना चाहिये। आपके अलग से छोटे मंदिर हैं आप वहां चले जाइये, अपने घर में जाइये। इसलिये इसका भी कोई हमें प्रोविजन करना चाहिये ताकि कहीं मंदिरों में, वैष्णों मंदिरों में तो मैंने देखा है कि यह मंदिर प्राइवेट मालिकी का है। तो जो गवर्नमेंट की मालिकी का है, जो पब्लिक का है, वहां अस्पृश्यों को ठोक नहीं सकते। कहीं मंदिरों में बोर्ड लग गये हैं कि यह मंदिर प्राइवेट मालिकी का है तो वहां अपनी मालिकी के मंदिर में तो किसको आने देना, किसको नहीं आने देना यह यह तय कर सकते हैं इस तरह लीगली उन्होंने लामल रास्ते निकालने चाहिये वह रास्ते निकाल भी रहे हैं। इसलिये इसके बारे में भी हमें सोचना चाहिये।

अब मैं यह लास्ट प्लाइंट पर आ रही हूं कि आज का जो सुझाव है, जो सुझाव मैं रिजर्वेशंस में सभी स्थानों पर उन लोगों को नियुक्ति दी जाये क्योंकि यह स्थिति है कि जगह खाली है और डिग्री होते हुये भी नौकरी नहीं मिलती। आज भी कालेज में काम कर रही तो मेरा अनुभव है कि कई जगहें खाली हैं। इसका एक ही कारण है, इसमें थोड़ी सच्चाई भी है कि पूरे एकेडमिक क्वालिफिकेशंस वाले लोग नहीं मिल रहे हैं; यह कहीं लिमिटेड आकूपेशन के लिये सच हो सकता है लेकिन बाकी जो व्यवसाय हैं जहां स्पेशल क्वालिफिकेशन जरूरी नहीं हैं वहां बहुत उसको लताड़ दिया जाता है कि आप उस काम के योग्य नहीं हैं, आपकी इंटरव्यू अच्छी नहीं हुई। ऐसे ही बहाने बना कर उनको रखा नहीं जाता है और पोस्टस री-एडवर्टाइज की जाती हैं और पूरा रिजर्वेशन होते हुये भी रिजवजगह नहीं भरीनहीं जाती है। सौभाग्य से हमारे गुजरात में ज्यादातर रिजर्वेशंस भरवा सके हैं, लेकिन पूरे देश में अभी बहुत कुछ करने को बाकी है। यह भी एक बहुत महत्व की बात है कि इसके बारे में क्या किया जाये यह सुझाव भी जरूरी है। आज जो मुद्दा है कि जिन्होंने क्रिश्चियेनिटी एक्सेप्ट किया है वह लोग रिजर्वेशन में इन्क्लूड किये जायें जिसमें एक बात मैं नोट कराना चाहती हूं इसलिये मैं पूरी तरह से इसमें सम्मत नहीं हो सकती हूं कि अगर यह हो गया तो जो हरिजन एलाइट हो गये हैं कि जो क्रिस्टी हरिजन है, जो एलाइड हो गये हैं, जो सिख हरिजन हैं वे पढ़-लिख कर आगे बैठे हैं, बात करनी है। तो वह जो एलाइड वर्ग हुये हैं वह क्रिश्चियन हुए, हैं सिख हुये हैं, मुस्लिम हुये हैं, अगर उन लोगों को शामिल दिया गया तो जो पन्द्रह प्रतिशत तक का रिजर्वेशन है इसमें यह एलाइड वर्ग का ही चांस लगेगा और जो पिछड़ी

हैं, अन-टचेबल्स में भी जो बैकवर्ड हैं और अन-टचेबल्स में भी जो अन-टचेबल हैं, उन लोगों को कभी इसमें चांस नहीं मिलने वाला है। जो पोलिटिकल सीट्स मांग की जाती हैं जिसको पोलिटिकल पार्टीज की ओर से टिकट दिया जाता है इस का जो अभ्यास करें तो आपको समझ में आयेगा अपरकास्ट हरिजन को ही स्थान मिलना है। और पूरा हाउस भी मेरे साथ सहमत होगा कि इसमें जो अपरकास्ट हरिजन हैं हमारे गुजरात में, उनको गरौड़ा ब्राह्मण कहते हैं और जो दूसरे वणफर हैं जोकि हिन्दुओं को और ज्यादातर एक्सेप्टेबल हैं, उन लोगों को टिकट दी जाती है, लेकिन जो चमार हैं, जो सेनमा हैं, भंगी हैं या स्कावेंजर्स कम्युनिटी के हैं उन्हें टिकट नहीं दी जाती है। उसका बहुत कम परसेंटेज है। ऐसा ही जाब्स में भी होता है कि जो यह लोअर कम्युनिटी अनटचेबल्स की है, उन लोगों को रिजर्वेशंस में कभी भी चांस नहीं मिल पाता है। अगर मुझे एक मैनेजमेंट की तौर पर पसन्द करना है और मुझे फोर्स कर दिया गया कि यह रिजर्व सीट है और आपको अस्पृश्य को लेना ही है तो उसमें अगर एक उम्मीदवार वणकर है और दूसरा उम्मीदवार भंगी है तो वणकर को पसन्द करेंगे और भंगी को निकाल देंगे। आज यह हो रहा है और इसके लिए भी हमें कुछ तरीका ढूंढना पड़ेगा। उनको स्वीकार करना चाहिये, इसके बारे में मैं सहमत हूं, लेकिन यह लोग आयेंगे तो पिछड़े अस्पृश्क लोगों के अधिकार बिल्कुल छीने जायेंगे। तो इसके लिये भी प्रोविजन रखकर नया सुधार लाने की जरूरत है। मैं सोचती हूं कि इसके बारे में यह पूरा हाउस विचार करे, कांग्रेस पार्टी भी इस पर विचार करे और गवर्नमेंट की ओर से कोई रिजाल्यूशन आए। यह बहुत जरूरी है, ऐसा मैं मानती हूं।

[माननीय उपसभापति पीठासीन हुई]

उपसभापति जी, मैं एक और सुझाव ा चाहती हूं, जब तक प्राइवेट जाब्स ें मिलेंगे तब तक सब हरिजन लोगों की जो अनएम्प्लायमेंट की प्राब्लम रहेगी, वह स्थिति दिन-ब-दिन बढ़ती जायेगी क्योंकि आज उन्होंने शिक्षा लेनी शुरू की है तो कल ये सब काम मांगने आयेंगे और गवर्नमेंट जाब्स के सिवाय उनके लिये दूसरा काम ही नहीं है। अगर वह एक दुकान लगाकर भी बैठेगा तो उसके यहां सामान खरीदने कोई सवर्ण नहीं जायेगा। फिर उसका बिजनेस कैसे चलेगा, उसका व्यापार कैसे चलेगा? तो यह बात भी जरूरी है कि जितने भी प्राइवेट इंडस्ट्रीज हों या कोई एंटर प्राइजेज हों, उसमें गवर्नमेंट किसी तरीके से उनकी मदद करे, चाहे लोन से मदद करे या सब्सिडी के द्वारा मदद करे या ग्रांट के द्वारा मदद करे। तो इसके लिये कानूनी सुविधा करनी चाहिये कि उनको भी रिजर्वेशन लागू करना पड़ेगा चाहे शैडयूल्ड कास्ट हों, शैडयूल्ड ट्राइब हों या अन्य पिछड़े वर्ग के हों, यह काम सबको एक्सेप्टेबल रहनी चाहिये क्योंकि अगर ऐसा नहीं करेंगे तो इस कम्युनिटी को काम मिलने वाला नहीं है। तो ये कुछ बातें मैं रखना चाहती हूं, वैसे तो बहुत-सी बातें रह जाती हैं, लेकिन चूंकि और भी मेंबर्स बोलने वाले होंगे, इसलिये मैं सुझाव रखती हूं कि यह जो मैंने पाइंटस रखे हैं खास तौर पर जो लोग धर्म-परिवर्तन के बावजूद भी अस्पृश्य रहे हैं और जो लोग आज भी अस्पृश्य हैं और गिरे हुओं में भी गिरे हुये हैं, उन लोगों के बारे में अगर हम नहीं सोचेंगे तो एक दिन ऐसा आयेगा कि यह जो पिछड़े हैं, जो अंत्य हैं, उनका गुस्सा बहुत बढ़ जायेगा और हमें उसको फेस करना पड़ेगा। तो नये सुझावों में यह बात भी शामिल की जाय और इतना कहकर मैं अपना वक्तव्य पूरा करती हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: We have two minutes. Dr. Narreddy Thulasi Reddy. You can start. After two minutes, we will start another business.

DR. NARREDDY THULASI REDDY (Andhra Pradesh): Madam, this

is private members' legislative business. What I am going to say is purely my personal viewpoint and not my party's viewpoint. I wholeheartedly oppose this Bill. First of all, I oppose the concept of reservation itself. Even after forty-six years of independence, we are not in a position to ask for the abolition of, the eradication of, the reservation system as such. Unfortunately, even after forty-six years of independence, we are asking for more reservation. In fact, we are suffering from a reservation syndrome. Whenever the reservation issue comes up, we bring the name of Dr. Ambedkar and try to shut the mouths of the people. I strongly feel that had Dr. Ambedkar been alive today, he would have himself asked for the eradication of the reservation system. He would have himself asked for the abolition of the reservation system. I am strongly of this view. (*Interruptions*) This is my personal view. This is Private Members' Legislative Business. (*Interruptions*). I have said at the outset that it is my personal view-point. Don't attribute it to my party. (*Interruptions*). This is my personal view.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Reddy, the time is over. You can continue whenever we take up this Private Members' Business. Now we will take up clarifications. The Minister is here. If you want, he can make the statement again, or if you are happy, we can go ahead with the clarifications straightway.

CLARIFICATIONS ON STATEMENT BY MINISTER

Uruguary round talk

SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): We could convert it into a discussion.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We have to decide whether we go by party. We cannot change our procedure. Our convention and procedure is that since it was a statement it cannot be converted into a discussion, it has to be 'clarifications' (*Interruptions*). Copies were circulated yesterday.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Let them first explain why they were so shy in admitting that they had signed the Agreement.

THE DEPUTY CHAIRMAN: They will explain.

SHRI SOMAPPA R. BOMMAI (Orissa): The Prime Minister is here. We would like to know from him the latest position.

SHRI S. JAIPAL REDDY: It could be converted into a discussion.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You did not tell me in the morning. Last minute how can I convert clarifications into a discussion.

SHRI S. JAIPAL REDDY: I did not know that on this very important subject, this technical procedure of clarifications...

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is not technical. The House runs on technicalities. The House does not run on my goodwill or your goodwill only, it runs on certain procedures. If you had told me, no problem, we could have done that. It would have been absolutely right.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA (Gujarat): We were informed in the afternoon that the Prime Minister would take the floor at 4.30 and would speak. After that, clarifications will be sought. So, let the Prime Minister speak.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It was never said. There is some misunderstanding...